रेल दुर्घटनाओं की संख्या

850. **श्रीमती सुषमा स्वराज :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान सरकार द्वारा पद संभालने के बाद हुई रेल दुर्घटनाओं की संख्या कितनी है ;

(ख) इन दुर्घटनाओं में मृत और घायल हुए व्यक्तियों की संख्या कितनी-कितनी है ;

(ग) मृत तथा घायलों के लिए सरकार द्वारा भुगतान किए गए मुआवजे की कुल धनराशि कितनी है;

(घ) इस प्रकार की दुर्घटनाएं होने के क्या कारण हैं; और

(ङ) भविष्य में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) 21.6.1991 से 25.8.1991 तक की अवधि के दौरान 112 गाड़ी दुर्घटनाएं हुई। इन दुर्घटनाओं में 29 व्यक्ति मारे गए और 110 व्यक्तियों को चोटें आई।

(ग) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

(घ) और (ङ) ये दुर्घटनाएं मुख्यतः मानवीय विफलता, उपस्कर की खराबी और तोड़-फोड़ के कारण हुई। दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से किए जा रहे कुछ महत्वपूर्ण उपायों में मानवीय तत्व को सहायता के लिए तकनीकी यंत्रों का उपयोग संवेदनशील संस्थापनाओं का गहन और बार-बार निरीक्षण, महत्वपूर्ण संरक्षा कोटियों के कर्मचारियों, जैसे ड्राइवरों, गार्डों, स्टेशन मास्टरों, आदि के कार्य-निष्पादन पर नजर रखना, रिचालनिक कोटियों के कर्मचारियों का हन प्रशिक्षण तथा उनकी मनोवैज्ञानिक जांच, यात्री गाड़ियों में ज्वलनशील/विस्फोटक सामग्री ले जाने के विरु. अचानक जांच, बिना चौकीदार वाले समपारों के पहुंचमार्गों पर सीटी बोर्डों/गति अवरोधकों और सड़क संकेतों की व्यवस्था और सड़क उपयोगकर्ताओं तथा गाड़ी ड्राइवरों की दृष्यता में सुधार लाना शामिल हैं।

गुड़गांवा जिले में रेल सुविधाओं की कमी

851. **श्रीमती सुषमा स्वराज :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हरियाणा में जिला गुड़गांवा के तीन सब-डिवीजनों तथा गुड़गांव सब-डिवीजन की एक तहसील को अभी तक रेलवे लाइन से नहीं जोड़ा गया है;

(ख) क्या गुड़गांव शहर बादशाहपुर, भींडसी, सोहना, तावडु, नूह और फिरोजपुर झिरका को जोड़ने वाली गुड़गांव से अलवर तक की रेलवे लाइन के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन है;

(ग) यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक आरंभ हो जाने की संभावना है; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार इस क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए किसी प्रस्ताव पर विचार करेगी ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) सब-डिवीजन/तहसील/जिले में रेल लाइनों से संबंधित सूचना नहीं रखी जाती है।

(ख) से (घ) जी नहीं। तथापि, पलवल - सोहना - भींडसी - बादशाहपुर-गढ़ी हरसरु-झज्जर (192 कि० मी०) के रास्ते एक वैकल्पिक मार्ग सहित पलवल-सोहना-तावडु-रेवाड़ी झज्जर (210.88 कि०मी०) के रास्ते खुर्जा और रोहतक के बीच बड़ी रेल लाइन के लिए सर्वेक्षण

किया गया था। सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर परियोजना अर्थक्षम नहीं पाई गई थी। तथापि, चूंकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में परिवहन संबंधी अवसंरचनाओं में सुधार के लिए यह लाइन अपेक्षित है इसलिए इसे आठवीं योजना में शामिल करने के बारे में विचार किया जायेगा।

दूध की कमी के संबंध में सांसदों से शिकायतें

852. **मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी:** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अगस्त, 1991 में, सरकारी तथा दिल्ली दुग्ध योजना द्वारा सांसदों से राजधानी में दूध की कमी की समस्या के बारे में प्राप्त किए गए पत्रों की संख्या कितनी है;

(ख) इस संबंध में ब्यौरा क्या है और उन पर क्या कार्यवाही की गई है

(ग) क्या यह सच है कि सांसदों के प्रति डी०एम०एस० प्राधिकारियों का रवैया उचित नहीं है तथा आपत्तिजनक है और इस संबंध में भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है और क्या इस संबंध में कोई निर्देश जारी किये गये हैं, यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है;

(ङ) राजधानी में दूध की उचित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये अब तक क्या कदम उठाये गये हैं और उनका क्या परिणाम निकला है; और

(च) उपभोक्ताओं की शिकायतों के प्रति संतोषजनक रूप से कार्यवाही करने के लिए डी०एम०एस० के जन सम्पर्क विभाग को सुदृढ़ बनाने के लिये क्या कदम उठाये जा रहे हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० सेंका): (क) और (ख) एक विवरण संलग्न है। ((नीचे देखिए

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न ही नहीं होता।

(ङ) दिल्ली दुग्ध योजना एवं मदर डेरी दिल्ली दोनों मिलकर दिल्ली को प्रति दिन लगभग 10.5 लाख लीटर दूध की आपूर्ति कर रहे हैं।

(च) दिल्ली दुग्ध योजना में एक शिकायत कक्ष कार्य कर रहा है जहां प्रत्येक शिकायत दर्ज की जाती है और एक समय सीमा के भीतर उस पर कार्रवाई की जाती है।

दूध की कमी के सम्बन्ध में माह अगस्त 1991 के दौरान माननीय संसद सदस्यों से प्राप्त संदर्भों के विवरण एवं उन पर की गई कार्यवाही

सदस्य का नाम	संदर्भ तिथि	की गई कार्यवा
1	2	3
1. श्रीमती कमला सिन्हा संसद सदस्या, 21 मीना बाग, नई दिल्ली	1-8-91	21-8-1991 को आपूर्ति सुनिश्चित क दी गयी थी।
2. श्री सज्जन कुमार, संसद सदस्य 713-ए/बी, पश्चिम विहार, नई दिल्ली	2-8-91	दो केट दूध बढ़ा दिया गया है।